**दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू**

**सत्र-2021-22**

**Foundation Worksheet**

**कक्षा-चौथी** **विषय-हिंदी**

**उपविषय:-अपठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, भाषा,लिपि तथा व्याकरण, लिंग, संज्ञा भेदों सहित।**

**प्र01-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-**

गोपाल कृष्ण गोखले बचपन से ही सत्यवादी और बहादुर थे।एक बार उनके शिक्षक ने एक प्रश्न हल करने के लिए दिया। दूसरे दिन जब गृहकार्य देखा गया तो सभी के उत्तर गलत थे।केवल गोपाल ने ही प्रश्न का सही उत्तर लिखा था। शिक्षक ने गोपाल को शाबाशी दी और सबके सामने उनकी प्रशंसा करने लगे।गोपाल ने उन्हें रोकते हुए रुँधे हुए गले से कहा-"गुरु जी,मैं इस प्रशंसा का अधिकारी नहीं हूँ।यह प्रश्न तो मेरे बड़े भाई ने हल किया है।इसलिए शाबाशी मुझे नहीं मेरे बड़े भाई को मिलनी चाहिए।"शिक्षक यह सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और बोले,"इसमें रोने की बात नहीं है। तुमने सच बोला है इसलिए यह पुस्तक मैं तुम्हें पुरस्कार में देता हूँ।यह तुम्हें सदा सत्य बोलने को प्रेरित करती रहेगी।"

**क)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

1)गोपाल कृष्ण गोखले बचपन से ही कैसे थे?

2)गोपाल कृष्ण गोखले ने शिक्षक से रुँधे हुए गले से क्या कहा?

**ख)निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए:-**

1)शिक्षक----अध्यापक,मित्र

2)पुरस्कार------समय,इनाम

**ग)सही(✅)या गलत(❎)का निशान लगाइए:-**

1)केवल गोपाल ने ही प्रश्न का सही उत्तर लिखा था। (   )

2)शिक्षक ने गोपाल को एक पेन पुरस्कार में दिया।(   )

**घ)सही विकल्प चुनकर लिखिए:-**

1)गोपाल का गृहकार्य देखकर शिक्षक ने गोपाल को क्या दी?

अ)शाबाशी दी ब)मिठाई दी

2)गोपाल के गृहकार्य का प्रश्न किसने हल किया था?

अ)उनके मित्र ने ब)उनके बड़े भाई ने

**प्र02-'मेरी प्रिय अध्यापिका' विषय पर सहायक सूची की मदद से एक अनुच्छेद लिखिए:- (शब्द सीमा:70-80)**

सहायक सूची:-नाम, अच्छी,मेहनती, प्यार, अच्छी शिक्षा, ज्ञान की बातें, सही मार्ग दर्शन, विषय की जानकारी, एक समान,समय की पाबंद,मीठी वाणी, गर्व।

**प्र03-निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए उचित शब्द चुनकर कीजिए:-**

क)भाषा के----------रुप होते हैं। (दो,चार)

ख)भाषा के लिखने के ढंग को-----------कहा जाता है।( अभिनय,लिपि)

ग)भाषा के शुद्ध रुप का ज्ञान कराने वाला शास्त्र----------कहलाता है।(रूप,व्याकरण)

**प्र04-निम्नलिखित वाक्योंमें सही वाक्य पर सही(✅)व गलत वाक्य पर गलत(❎)का निशान लगाइए:-**

क)बोलकर बातचीत करना भाषा का लिखित रूप है।( )

ख)प्रत्येक भाषा की अपनी एक लिपि होती है।( )

ग)शब्दों की रचना, वाक्यों की शुद्धता आदि की जानकारियाँ हमें व्याकरण से ही प्राप्त होती हैं।( )

**प्र05-निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए:-**

क)राधिका नाच रही है।

ख)मेरे भाई का नाम विकास है।

ग)दुकानदार खिलौने बेच रहा है।

**प्र06-निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए उचित संज्ञा शब्द चुनकर कीजिए:-**

क)बच्चा--------खा रहा है।(आम,नहाना)

ख)आज बहुत---------है।(गरमी,धोबी)

ग)बगीचे में रंग-बिरंगे--------खिले हैं।(खेल, फूल)

**प्र07-निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य पुनः लिखिए:-**

क)मोर नाच रहा है।

ख)लेखक कहानी लिख रहा है।

ग)बगीचे में राजा टहल रहा है।

**प्र08-कोष्ठक में दिए शब्दों के लिंग बदल कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:-**

क)----------(धोबी)कपड़े धो रही है।

ख)----------(लड़की)पढ़ रहा है।

ग)----------(घोड़ी)दौड़ रहा है।